

गरवी गुजरात

PRGI No. UPHIN/25/A1697

गरवी गुजरात

PUBLISHED HINDI DAILY FROM LUCKNOW, AHMEDABAD, SURAT

वर्ष : 02
अंक : 197
दि. 18.11.2026,
बुधवार
पाना : 04
किंमत : 00.50 पैसा
LUACKNOW EDITION

'इंडो-पैसिफिक के लिए भरोसेमंद समाधान देना हमारा लक्ष्य...', क्वाड में बोले पीएम मोदी


(जीएनएस)।

फिलीपींस की राजधानी मनीला में क्वाड नेताओं की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समूह की साझेदारी को रचनात्मक और विश्वसनीय बताया. उन्होंने समुद्री सुरक्षा, सप्लाई चेन, नई तकनीक और आपदा प्रबंधन में सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया.

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत क्वाड को एक रचनात्मक और भरोसेमंद साझेदारी के रूप में देखता है.प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत क्वाड को एक रचनात्मक और भरोसेमंद साझेदारी के रूप में देखता है.

बैठक को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'आप सभी मित्रों से मिलकर मुझे हार्दिक खुशी हो रही है. मनीला का क्वाड से पुराना और विशेष नाता रहा है. साल 2007 में चारों देशों के अधिकारी पहली बार यहीं मिले थे. इसके दस साल बाद 2017 में इसी शहर में हमने अपना संवाद फिर से शुरू किया था.'

प्रधानमंत्री ने कहा कि एक बार फिर मनीला जैसे ऐतिहासिक शहर में क्वाड की बैठक होना महत्वपूर्ण पड़ाव है. उन्होंने क्वाड के सदस्य देशों के बीच लगातार बढ़ते सहयोग का भी जिक्र किया. पीएम मोदी ने कहा, 'पिछले वर्ष जनवरी से अब तक हमारे विदेश मंत्री पांच बार मिल चुके हैं. यह हमारी साझेदारी के प्रति



राजनीतिक इच्छाशक्ति और साझा प्रतिबद्धता का प्रमाण है.'

समुद्री सुरक्षा से लेकर सप्लाई चेन तक सहयोग पर जोर

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत क्वाड को एक रचनात्मक और भरोसेमंद साझेदारी के रूप में देखता है. उन्होंने कहा, 'समुद्री सुरक्षा से लेकर विश्वसनीय सप्लाई चेन, नई टेक्नोलॉजी और आपदा प्रतिक्रिया तक हमारा प्रयास है कि क्वाड पूरे इंडो-पैसिफिक के लिए भरोसेमंद समाधान प्रदान करे.' उन्होंने स्पष्ट किया कि क्वाड देशों का आपसी सहयोग केवल बैठकों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य क्षेत्र की साझा चुनौतियों का समाधान तलाशना भी है.'सहयोग के अगले चरण के लिए तय होंगे ठोस लक्ष्य'

पीएम मोदी ने क्वाड को आगे बढ़ाने में सभी सदस्य देशों के नेताओं के योगदान की सराहना की. उन्होंने कहा, 'क्वाड को आगे बढ़ाने में सभी साथी नेताओं के नेतृत्व, निरंतर समर्थन और व्यक्तिगत योगदान के लिए मैं उनका हार्दिक अभिनंदन करता हूं.' प्रधानमंत्री ने उम्मीद जताई कि मनीला में हो रही इस बैठक से क्वाड देशों के बीच सहयोग को नई दिशा मिलेगी. उन्होंने कहा, 'मुझे पूरा विश्वास है कि आज की बैठक से हम अपने सहयोग के अगले चरण के लिए ठोस लक्ष्य तय कर सकेंगे.'

क्वाड ग्रुप फोटो के दौरान पीएम मोदी ने उठाया तिरंगा, ट्रंप बोले- इसे संभाल कर रखें

मनीला में क्वाड नेताओं की ग्रुप फोटो के दौरान पीएम मोदी ने भारतीय ध्वज वाला स्पॉट मार्कर उठाया, जिस पर राष्ट्रपति ट्रंप ने उन्हें इसे संभाल कर रखने को कहा।

मनीला। मनीला में क्वाड देशों के नेता जब ग्रुप फोटो के लिए इकट्ठा हो रहे थे, तब सम्मान दिखाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय राष्ट्रीय ध्वज वाले स्पॉट मार्कर को उठा लिया। इस पर राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने कहा कि इसे संभाल कर रखें।

यह वाकया तब हुआ जब आसियान शिखर सम्मेलन के दौरान क्वाड नेताओं की बैठक से पहले, प्रधानमंत्री मोदी, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथली अल्बनीज और जापान की प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची फोटो खिंचवाने के लिए एक साथ खड़े थे। जैसे ही पीएम मोदी ने भारतीय झंडे वाला स्पॉट मार्कर उठाया, ट्रंप ने कहा, इसे संभाल कर रखें।

यह घटना अगस्त 2023 में दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में हुए 15वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की याद दिलाती है, जब पीएम मोदी ने मंच से भारतीय झंडे वाला स्पॉट मार्कर उठाया था।

ग्रुप फोटो में क्वाड के चारों देशों के नेता साथ आए

ट्रंप की फिलीपींस यात्रा के दौरान हुई इस ग्रुप फोटो में क्वाड के चारों देशों के नेता एक साथ आए। यह



उनके मौजूदा राष्ट्रपति कार्यकाल के दौरान क्वाड नेताओं की पहली आमने-सामने की बैठक थी। बैठक के दौरान, पीएम मोदी ने क्वाड को भारत के लिए एक रचनात्मक और भरोसेमंद साझेदारी बताया और हिंद-प्रशांत क्षेत्र की प्रमुख चुनौतियों से निपटने में इसकी भूमिका पर जोर दिया।

क्वाड का मनीला के साथ ऐतिहासिक जुड़ाव- पीएम मोदी

इस ग्रुप के साथ मनीला के ऐतिहासिक जुड़ाव को याद करते हुए, प्रधानमंत्री ने बताया कि चारों देशों के अधिकारी पहली बार 2007 में इसी शहर में मिले थे और 2017 में उन्होंने यहीं से अपनी बातचीत फिर से शुरू की था। उन्होंने कहा कि इस शहर में एक बार फिर क्वाड की बैठक होना और अहम पड़ाव है। सहयोग के क्षेत्रों पर प्रकाश डालते हुए, पीएम मोदी ने कहा कि यह समूह समुद्री सुरक्षा, सप्लाई चेन, नई तकनीकों और आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में भरोसेमंद समाधान देने के लिए काम कर रहा है।

शिवसेना के संस्थापक बालासाहेब ठाकरे की पुण्यतिथि पर केंद्रीय मंत्रियों और मुख्यमंत्रियों ने दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली, शिवसेना के संस्थापक बालासाहेब ठाकरे की पुण्यतिथि पर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, मनोहर लाल, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा के मुख्यमंत्री ने श्रद्धांजलि दी। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने एक्स पोस्ट में कहा, राष्ट्रवाद के ओजस्वी स्वर, अद्वितीय वक्ता, शिवसेना के संस्थापक, जननेता बालासाहेब ठाकरे की पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित करता हूं! महाराष्ट्र के विकास में अहम योगदान और अपने प्रखर विचारों के लिए सदैव हमारे हृदय में अमर रहेंगे। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने एक्स पर पोस्ट किया, प्रखर राष्ट्रवादी एवं जनप्रिय नेता, शिवसेना के संस्थापक आदरणीय बालासाहेब ठाकरे की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन करता हूं। उनका जीवन साहस, स्पष्टवादिता और सांस्कृतिक स्वाभिमान की अद्भुत मिसाल रहा। उन्होंने कभी भी अपने सिद्धांतों और विचारधारा से समझौता नहीं किया। राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए उनका अडिग समर्पण सदैव हमें कर्तव्यपथ पर अग्रसर रहने की प्रेरणा देता रहेगा।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने एक्स पर लिखा,



शिवसेना के संस्थापक आदरणीय बालासाहेब ठाकरे की पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि। बालासाहेब विचारों से दृढ़ एवं राष्ट्रीय मूल्यों के सच्चे समर्थक थे, उनका राष्ट्रवादी व्यक्तित्व हम सभी के लिए एक प्रेरणा है।

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एक्स पर लिखा, प्रखर राष्ट्रवादी विचारधारा के संवाहक, ओजस्वी वक्ता एवं निर्भीक नेतृत्व के प्रतीक श्रद्धेय बालासाहेब ठाकरे की पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि। सांस्कृतिक अस्मिता, राष्ट्रीय स्वाभिमान और अपने सिद्धांतों के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के लिए उनका सार्वजनिक जीवन सदैव स्मरण किया जाएगा।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने एक्स पर पोस्ट किया, प्रखर राष्ट्रवादी, हिंदू हृदय सम्राट एवं शिवसेना के संस्थापक श्रद्धेय बालासाहेब ठाकरे की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि एवं कोटि-कोटि नमन। हिंदुत्व, राष्ट्रवाद और जनहित के प्रति उनका अडिग संकल्प, ओजस्वी विचार एवं निर्भीक नेतृत्व सदैव देशवासियों को प्रेरित करते रहेंगे।

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने एक्स पोस्ट में कहा, प्रखर राष्ट्रवादी, ओजस्वी वक्ता एवं अद्वितीय जननायक, बालासाहेब ठाकरे की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! राष्ट्रवाद और समाजहित के लिए उनका आजीवन समर्पण सदैव स्मरणीय रहेगा। उनके ओजस्वी विचार आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्र सेवा के लिए निरंतर प्रेरित करते रहेंगे।

उत्तराखंड के टिहरी गढ़वाल में बस 300 फुट गहरी खाई में गिरी, 8 लोगों की मौत

टिहरी गढ़वाल , उत्तराखंड के टिहरी गढ़वाल में मंगलवार को ऋषिकेश से श्रीनगर जा रही एक बस पुल से लगभग 100 मीटर (करीब 328 फीट 1 इंच) नीचे खाई में गिर गई, जिससे 8 लोगों की मौत हो गई और 26 अन्य लोग घायल हो गए। घटना की जानकारी सुबह करीब 5:30 बजे मिली। यह हादसा टिहरी जिले में ऋषिकेश-बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर गुलार इलाके के पास हुआ।

हादसे की सूचना मिलते ही, ब्यासी और ढालवाला स्थित स्टेट डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स (एसडीआरएफ) की टीमें और पुलिस तुरंत मौके पर पहुंचीं और बचाव कार्य शुरू कर दिया।

शुरूआती जानकारी के अनुसार, वाहन में लगभग 30-35 यात्री सवार थे।

मोदी एक महान नेता हैं, क्वाड समिट में ट्रंप ने की पीएम मोदी की जमकर तारीफ, बोले- हर कोई करता है उनका सम्मान

(जीएनएस)।

क्वाड समिट में डोनाल्ड ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ की। उन्हें सख्त और महान नेता बताते हुए कहा कि दुनियाभर में उनका काफी सम्मान किया जाता है। नेताओं के साथ फोटो सेशन के दौरान ट्रंप ने मोदी को एक मजबूत व्यक्तित्व वाला नेता बताया, फोटो खिंचवाते समय ट्रंप ने प्रधानमंत्री मोदी की ओर इशारा करते हुए कहा कि वह बेहद सख्त इंसान हैं। इसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ने उनकी तारीफ करते हुए कहा कि मोदी एक महान नेता हैं और दुनिया भर के लोग उनकी बहुत इज्जत करते हैं।

इस फोटो सेशन में जापान की प्रधानमंत्री साने ताकाइची और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज भी मौजूद थे। ट्रंप ने जापानी प्रधानमंत्री की ओर इशारा करते हुए कहा कि वह तो और भी ज्यादा सख्त हैं। वहीं, ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री अल्बानीज की तरफ देखते हुए उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा कि उनके और अल्बानीज के बीच सब ठीक है।



ट्रंप ने तीनों नेताओं यानी नरेंद्र मोदी, साने ताकाइची और एंथनी अल्बानीज को अपना दोस्त बताया। उन्होंने कहा कि अमेरिका के भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ हमेशा से अच्छे संबंध रहे हैं। ट्रंप के मुताबिक, वह इन तीनों नेताओं को लंबे समय से जानते हैं और वे सभी अच्छे लोग होने के साथ उनके दोस्त भी हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे अच्छे रिश्ते होने से काफी मदद मिलती है।

चारों देश करेंगे एक साथ सैन्य अभ्यास

ट्रंप ने QUAD को दुनिया की कुछ सबसे सफल साझेदारियों को एक मंच पर लाने वाला समूह बताया। इस दौरान उन्होंने अक एक्सेलरेटर शुरू करने की घोषणा की। इसके लिए भरोसेमंद रक तक पहुंच बढ़ाने के उद्देश्य से 85 मिलियन डॉलर खर्च करने की बात कही। उन्होंने कहा कि अमेरिका चाहता है कि उसके मूल्यों में विश्वास रखने वाले देश मिलकर तकनीक के भविष्य को आकार दें। डोनाल्ड ट्रंप ने यह भी बताया कि QUAD के चारों सदस्य देश समुद्री नियंत्रण से जुड़ा सैन्य अभ्यास करेंगे।

जनता के लिए खोला जाएगा शीश महल, मंत्री प्रवेश वर्मा ने किया ऐलान

(जीएनएस)।

नई दिल्ली, दिल्ली सरकार ने मंगलवार को शीश महल को लेकर बड़ा फैसला लिया है। शीश महल अब आम जनता के लिए खोला जाएगा। इसकी जानकारी खुद दिल्ली सरकार में मंत्री प्रवेश वर्मा ने दी। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए बताया कि शीशमहल अगले सप्ताह से आम जनता के लिए खोला जाएगा। पहले इसे स्टेट गेस्ट हाउस बनाने का फैसला लिया गया था। इसके साथ ही उन्होंने आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल पर आरोप लगाया कि कभी बंगला और गाड़ी नहीं लेने का दावा करने वाले व्यक्ति ने कई बंगलों को तुड़वाकर शीश महल बनवाया। दिल्ली सरकार में मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा, कई सालों से दिल्ली की जनता शीश महल को देखना चाहती थी। मैं दिल्लीवासियों को ये खुशखबरी देना चाहता हूं कि पिछली कैबिनेट की बैठक में यह तय हुआ था कि शीश महल को स्टेट गेस्ट हाउस बनाया जाएगा। मगर अब दिल्ली की जनता और मीडिया की मांग को देखते हुए ये तय किया गया है कि शीश महल को जनता के लिए खोला जाएगा। इसके लिए टिकट की बुकिंग कैसे करनी है, उसके बारे में बाकी जानकारी आपको आगे दी जाएगी।

उन्होंने आगे बताया कि सबसे पहला दौरा हम अपने मीडिया को करवाना चाहते हैं। सबसे पहले देश की मीडिया को दिखाएंगे कि कैसे एक व्यक्ति जिसने कहा था कि मैं गाड़ी और बंगला नहीं लूंगा। पहले उसने कई बंगलों और सर्वेंट क्वार्टरों को तोड़ा, गैराज को तोड़ा, और फिर उसके बाद शीश महल बनवाया।


मनीला के ऐतिहासिक खालसा दीवान गुरुद्वारे के पुनर्निर्माण की पीएम मोदी ने रखी आधारशिला, अरदास में हुए शामिल

(जीएनएस)।

मनीला, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को फिलीपींस की राजधानी मनीला स्थित ऐतिहासिक खालसा दीवान गुरुद्वारे में मत्था टेका और पुनर्निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। इस दौरान उन्होंने गुरुद्वारे में आयोजित अरदास में भी हिस्सा लिया। प्रधानमंत्री ने समारोह की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा करते हुए इस ऐतिहासिक अवसर का हिस्सा बनने को अपना सौभाग्य बताया।

करीब एक सदी पुराने खालसा दीवान गुरुद्वारे का सिख समुदाय के लिए विशेष धार्मिक और सामाजिक महत्व है। वर्ष 1920 के दशक में स्थापित यह गुरुद्वारा फिलीपींस में सिख और पंजाबी समुदाय की आस्था का प्रमुख केंद्र रहा है।

पुनर्निर्माण परियोजना के तहत ऐतिहासिक गुरुद्वारे को आधुनिक सुविधाओं से युक्त पांच मंजिला भव्य परिसर के रूप में विकसित किया जाएगा। इसमें धार्मिक गतिविधियों के साथ-साथ सामुदायिक आयोजनों के लिए भी पर्याप्त स्थान उपलब्ध कराया जाएगा।



गुरुद्वारे के ग्रंथी बाबा मनमोहन सिंह के अनुसार, निर्माण कार्य अगले दो वर्षों में पूरा करने की योजना है। लक्ष्य वर्ष 2029 में गुरुद्वारे की 100वीं वर्षगांठ तक पुनर्निर्माण कार्य संपन्न करना है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के सिख धर्म के प्रति सम्मान और समुदाय से जुड़ाव की सराहना की।

समारोह में शामिल मंदीप सिंह ने भी इसे सिख समुदाय के लिए गौरवपूर्ण अवसर बताया। उन्होंने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री का फिलीपींस पहुंचकर ऐतिहासिक गुरुद्वारे के पुनर्निर्माण की शुरूआत करना समुदाय के लिए विशेष महत्व रखता है।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को आसियान-भारत शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए फिलीपींस पहुंचे थे। मंगलवार को उन्होंने 23वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन और 21वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया।

इस दौरे के दौरान भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के नेताओं की संभावित क्वाड बैठक पर भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नजर बनी हुई है। करीब दो साल बाद क्वाड नेताओं की प्रस्तावित उच्चस्तरीय बैठक और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ प्रधानमंत्री मोदी की संभावित मुलाकात को भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

दिल्ली समेत पूरे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में मौसम ने ली करवट, पारा गिरने से बढ़ेगी ठंड; फिलहाल वायु गुणवत्ता में सुधार

नई दिल्ली , दिल्ली समेत पूरे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के मौसम में एक बार फिर बदलाव देखने को मिल रहा है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के ताजा पूवार्नुमानों के अनुसार, आने वाले दिनों में तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जाएगी। मौसम विभाग के मुताबिक, अब न केवल न्यूनतम तापमान बल्कि अधिकतम तापमान (दिन का पारा) में भी गिरावट आएगी। इसका सीधा असर यह होगा कि अब लोगों को सुबह और शाम के साथ-साथ दिन में भी हल्की ठंड का एहसास होने लगेगा। मौसम विभाग से उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, 17 नवंबर से लेकर 22 नवंबर तक के लिए मॉडरेट फॉग (मध्यम कोहरा) का अलर्ट जारी किया गया है। हालांकि, फिलहाल किसी भी प्रकार



की चेतावनी नहीं दी गई है, लेकिन कोहरे के कारण दृश्यता प्रभावित हो सकती है। 17 नवंबर: अधिकतम तापमान 27 डिग्री और न्यूनतम तापमान 14 डिग्री रहने की संभावना है। 18 नवंबर: तापमान में मामूली गिरावट दर्ज होगी। अधिकतम तापमान 26 डिग्री और न्यूनतम 13 डिग्री तक पहुंच जाएगा। 19 नवंबर: मौसम शुष्क रहेगा और तापमान 26 डिग्री (अधिकतम) और 13 डिग्री (न्यूनतम) के आसपास स्थिर रहेगा। 20 नवंबर: ठंड का असर बढ़ना शुरू होगा। अधिकतम तापमान गिरकर 25 डिग्री और न्यूनतम 13 डिग्री हो जाएगा। 21 और 22 नवंबर: महीने के तीसरे सप्ताह के अंत तक ठंड अपना रंग दिखाने लगेगी।

दोनों ही दिनों में अधिकतम तापमान 25 डिग्री और न्यूनतम तापमान 14 डिग्री के आसपास रहने का अनुमान है। मौसम में इस बदलाव के साथ एक राहत की खबर भी सामने आई है। फिलहाल तेज हवा के असर के चलते वायु गुणवत्ता सूचकांक में बदलाव देखा गया है। एनसीआर की हवा अब येलो और ऑरेंज जोन में पहुंच गई है, जिससे लोगों को सांस लेने में कुछ राहत मिली है।



सम्पादकीय

सीमा पार की साजिशें और सीमावर्ती सुरक्षा की चुनौती

राजस्थान के भारत-पाक सीमा पर बसे श्रीगंगानगर जिले में अनूपगढ़-सूरतगढ़ रेलवे ट्रैक पर गत दिनों हुआ विस्फोट गंभीर घटना है। पहली नजर में यह रेलवे ट्रैक पर हुआ एक धमाका लग सकता था लेकिन एंटी टेरेरिस्ट स्क्वायड (एटीएस) की जांच में जिस साजिश का खुलासा हुआ है, उससे कई सवाल खड़े हो गए हैं। जांच एजेंसियों के मुताबिक पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़े लोगों ने एक यात्री ट्रेन को निशाना बनाने की योजना बनाई थी। इसके लिए पंजाब के गुरदासपुर की एक युवती और उसके साथी को तैयार किया गया। गनीमत रही कि यह साजिश अपने अंजाम तक नहीं पहुंच सकी लेकिन यह सोचकर ही बदन में सिहरन दौड़ जाती है कि अगर ट्रेन के वहां से गुजरते समय विस्फोट हो जाता तो कितने निदरेष लोगों की जान जा सकती थी।

इस मामले का एक पहलू और भी चिंताजनक है। जांच के अधिकारियों के अनुसार इस काम में शामिल युवती महकदीप कौर (21) और उसका साथी देवेंद्र सिह (23) कोई पेशेवर आतंकवादी नहीं थे।

सोशल मीडिया के जरिए उनसे संपर्क किया गया। युवती को प्रेम जाल में पंसाया गया और फिर पैसों का लालच देकर इस साजिश में शामिल कर लिया गया। दोनों को 2.23 लाख रुपये दिए गए। उन्हें वीडियो कॉल के जरिए बम बनाने और रेलवे पटरी पर लगाने का तरीका भी सिखाया गया।

यह घटना बताती है कि आतंकवाद का चेहरा बदल रहा है। अब आतंकवादी संगठनों को हर काम के लिए अपने प्रशिक्षित लोगों की जरूरत नहीं रह गई है। वे सोशल मीडिया के माध्यम से आम युवाओं तक पहुंचकर उन्हें अपने मंसूबों के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं। इस घटना को श्रीगंगानगर तक सीमित करके नहीं देखा जाना चाहिए। वुछ समय पहले हनुमानगढ़ को लेकर भी ऐसी ही एक चिताजनक खबर सामने आई थी।

हरियाणा के अंबाला में पकड़े गए एक आतंकी मॉड्यूल से पूछताछ में पता चला था कि आतंकियों की योजना हनुमानगढ़ में भी विस्फोट करने की थी। वहां आईईडी से भरा एक पार्सल रखा गया था लेकिन विस्फोट के लिए जरूरी आरडीएक्स समय पर नहीं पहुंचने के कारण उनकी योजना सफल नहीं हो पाई। बाद में पाकिस्तानी हैंडलर के कहने पर पार्सल वापस ले जाने की बात सामने आई। अब अनूपगढ़ के सरहदी इलाके में रेलवे ट्रैक पर विस्फोट की घटना ने एक बार फिर इस पूरे इलाके की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है। आज की पीढ़ी शायद यह नहीं जानती कि तीन-चार दशक पहले हनुमानगढ़ और श्रीगंगानगर का इलाका आतंकवाद की कितनी बड़ी कीमत चुका चुका है। पंजाब में आतंकवाद के काले दौर का असर इन दोनों जिलों पर भी पड़ा था। संगरिया में निरंकारी मिशन से जुड़े लोगों की हत्याएं हुईं। ढोलनगर गांव के पास बस पर फायरिंग में एक महिला की जान गई और कई यात्री घायल हुए। सादुलशहर में एसबीआई की शाखा में अंधाधुंध फायरिंग कर दस लोगों की हत्या कर दी गई।

श्रीगंगानगर के पायल सिनेमा में बम पेंका गया। हनुमानगढ़ के नौरंगदेसर में बस के भीतर ट्रांजिस्टर बम फटा। बुड्ढ़ा जोड़ मेले में पुलिस कर्मियों की हत्या हुई और मोहनपुरा रेलवे स्टेशन पर पुलिस कर्मियों को निशाना बनाकर आतंकवादी दो वैदियों को छुड़ा ले गए। ये घटनाएं आज भी इस क्षेत्र के इतिहास का वह हिस्सा हैं, जिन्हें भुलाया नहीं जा सकता। उस दौर में श्रीगंगानगर से लगती पाक सीमा के रास्ते हथियारों की तस्करी भी होती थी। सुरक्षा बलों ने कई बार हथियारों की खेप पकड़ी और सीमा क्षेत्र में आतंकवादी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए बड़ी कार्रवाई की।

'लीडरशिप एज मिशन' वर्कशॉप: पीएम मोदी के 25 साल के शासन से सीखेंगे अफसर, विकसित भारत 2047 का रोडमैप तैयार

(जीएनएस)।

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछले 25 सालों से मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री के रूप में कार्यरत है। उनके इस 25 सालों के प्रशासनिक अनुभवों को अगले 20 सालों के शासन का आधार बनाया जाएगा। इस काम के लिए अगले साल अक्टूबर तक पांच वर्कशॉप आयोजित किए जाएंगे। पहले वर्कशॉप की शुरूआत मंगलवार को हुई।

नीति आयोग की तरफ से आयोजित इस वर्कशॉप का नाम मिशन के तहत नेतृत्व (लीडरशिप एज मिशन) दिया गया। इस वर्कशॉप में मोदी के नेतृत्व की खासियत और उनके शासन काल में घटित विभिन्न घटनाओं को केस स्टडी के रूप में बताया गया। उदाहरण के लिए मोदी जब गुजरात में मुख्यमंत्री थे तो कच्छ में भयंकर भूकंप आया था।

उस भूकंप से कैसे पूरे इलाके को उबारा गया, उस इलाके को विकसित किया और हादसे के मात्र तीन साल के अंदर कच्छ इलाके को पहले से भी अधिक जीवंत बना दिया गया। वैसे ही 2020 में आए कोरोना महामारी के मुकाबले के लिए प्रशासनिक दक्षता के इस्तेमाल को केस स्टडी में शामिल किया गया है।

वर्कशॉप में शामिल सभी अधिकारी इससे सबक लेकर आने वाले 20 वर्षों में उस पर अमल करेंगे। अगले 20 साल यानी कि 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने का लक्ष्य रखा गया है। तब भारत की अर्थव्यवस्था का आकार 35-40 लाख करोड़ डॉलर का होगा।

नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनुराग जैन ने इस मौके पर कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य प्रधानमंत्री के 25 वर्षों के नेतृत्व से प्राप्त अनुभव व अर्जित शिक्षाओं को संकलित कर उन्हें भविष्य के लिए संस्थागत ज्ञान के रूप में विकसित करना है।



उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की इस 25 वर्षों की यात्रा में यह पता चलता है कि व्यक्तिगत पद की अपेक्षा उद्देश्य को प्राथमिकता देनी चाहिए। आदेश देने के बजाय सेवा की भावना को अपनाना चाहिए और शासन व्यवस्था को कतार में खड़े अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने पर केंद्रित होना चाहिए।

इस वर्कशॉप में 900 नुमाइंदों ने शिरकत की। इनमें केंद्र के सभी मंत्रालयों के सचिव समेत कई वरिष्ठ अधिकारी, राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी, शैक्षणिक संस्थानों के नुमाइंदे और प्रधानमंत्री के कार्यकाल में चलाए गए सामाजिक कार्यक्रम से लाभान्वित लोग शामिल थे।

मिशन के रूप में नेतृत्व के बाद डिलिवरी के लिए प्रशासन, समावेशी विकास, सभ्यता की पहचान और विश्व में भारत की भूमिका पर वर्कशॉप किए जाएंगे जो अगले साल अक्टूबर तक चलेगा।

इस मौके पर नीति आयोग के उपाध्यक्ष अशोक कुमार लाहिड़ी ने कहा कि भारत की विकास यात्रा को गति देने में मजबूत राजनीतिक और प्रशासनिक नेतृत्व की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री मोदी का 25 वर्षों का अनुभव विकसित भारत 2047 की दिशा में लोक सेवकों के प्रशिक्षण और उनकी कार्यशैली को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

लोगों के जीवन में सार्थक बदलाव- पीके मिश्रा

प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पीके मिश्रा ने वर्कशॉप के उद्घाटन सत्र के संबोधन में कहा कि वर्ष 2001 में कच्छ में आए भूकंप के बाद त्वरित गति से राहत और पुनर्निर्माण से लेकर कोविड-19 महामारी के दौरान देश की समन्वित प्रतिक्रिया तक, वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में भारत की बढ़ती भागीदारी से लेकर लखपति दीदी पहल के परिवर्तनकारी प्रभाव तक किए गए ये सभी प्रयास दशार्ते हैं कि दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति, संवेदनशील प्रशासन और मिशन आधारित शासन व्यवस्था किस प्रकार लोगों के जीवन में सार्थक बदलाव ला सकती हैह्व।

इस अवसर पर कोटक महिंद्रा बैंक के संस्थापक उदय कोटक ने कहा कि गुजरात के मुख्यमंत्री और बाद में भारत के प्रधानमंत्री के रूप में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व ने उद्यमिता को निरंतर आर्थिक विकास और राष्ट्र निर्माण का प्रमुख माध्यम माना है।

वॉटर स्कीइंग का शौक वरुण धवन को पड़ा भारी, अगली फिल्म की शूटिंग से पहले हुए चोटिल

(जीएनएस)।

अभिनेता वरुण धवन इन दिनों काम से ब्रेक लेकर बीच वेकेशन का आनंद ले रहे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी छुट्टियों की कई तस्वीरें और वीडियो शेयर किए हैं, जिनमें वह समुद्र किनारे मस्ती करते, पिज्जा खाते, सर्फिंग करते और अलग-अलग एडवेंचर का मजा लेते नजर आ रहे हैं। इस बीच वरुण ने बताया कि अपने अगले प्रोजेक्ट की शूटिंग शुरू करने से पहले वॉटर स्कीइंग करते हुए उनकी कलाई में चोट लग गई है। वरुण ने इंस्टाग्राम पर कई तस्वीरें शेयर की, जिनमें उनकी छुट्टियों के अलग-अलग पल देखने को मिल रहे हैं। कहीं वह समुद्र किनारे पिज्जा खाते नजर आ रहे हैं, तो कहीं नहाने का आनंद ले रहे हैं। इसके अलावा, उन्होंने पैडल खेलते हुए, समुद्र में सर्फिंग करते हुए और डूबते सूरज का खूबसूरत नजारा देखते हुए भी तस्वीरें शेयर की हैं। एक



तस्वीर के साथ उन्होंने लिखा, इंद्रधनुष देखा। सातवीं तस्वीर देखना मत भूलिए, यह मेरी सबसे पसंदीदा याद है। वहीं, समुद्र किनारे पिज्जा खाते हुए तस्वीर के साथ उन्होंने लिखा, बीच पर पिज्जा खाया। इसके अलावा, उन्होंने अपने दूसरे अनुभवों को छोटे-छोटे कैप्शन के जरिए बताया। इनमें खुले में नहाना, पैडल खेलना और सनसेट देखना शामिल रहा।

हालांकि, अपनी छुट्टियों के दौरान किए गए एडवेंचर के बारे में बताते हुए वरुण ने एक ऐसी बात साझा की, जिसने सबका ध्यान खींचा। उन्होंने लिखा, वॉटर स्कीइंग की और शूटिंग शुरू करने से पहले मेरी कलाई में चोट लग गई। अभिनेता ने वॉटर स्कीइंग करते हुए एक वीडियो भी शेयर किया, जिसमें वह पानी पर इस एडवेंचर का आनंद लेते दिखाई दे रहे हैं। इसी दौरान उनकी कलाई चोटिल हो गई।

वर्कफ्रंट की बात करें तो वरुण धवन बदलापुर, बद्रीनाथ की दुल्हनिया, अक्टूबर, जुगजुग जियो, भेड़िया और बेबी जॉन जैसी फिल्मों में नजर आ चुके हैं। वह पिछली बार फिल्म है जवानी तो इश्क होना है में दिखाई दिए थे। इस फिल्म के जरिए उन्होंने लंबे समय बाद अपने पिता और फिल्ममेकर डेविड धवन के साथ काम किया था। फिल्म में मृणाल ठाकुर और पूजा हेगड़े भी मुख्य भूमिकाओं में थीं। यह फिल्म 5 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।

महेश बाबू की वाराणसी में डबिंग का काम बाकी, मेकर्स बोले- धमाके के लिए करना होगा इंतजार

निर्देशक एसएस राजामौली की बहुप्रतीक्षित फिल्म वाराणसी को लेकर दर्शकों और फैंस के बीच उत्सुकता लगातार बढ़ रही है। तेलुगु सुपरस्टार महेश बाबू की मुख्य भूमिका वाली इस फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है। हालांकि, फिल्म का पोस्ट प्रोडक्शन, कंप्यूटर ग्राफिक्स (सीजी) और बैकग्राउंड म्यूजिक तैयार करने का काम अभी तेजी से चल रहा है। फिल्म की डबिंग अभी शुरू नहीं हुई है। फिल्म के मेकर्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक फैन के सवाल का जवाब देते हुए यह जानकारी दी है। दरअसल, एक फैन ने फिल्म के आधिकारिक एक्स हैंडल पर फिल्म



की मौजूदा स्थिति को लेकर सवाल पूछा था। इसके जवाब में मेकर्स ने लिखा, 'शूटिंग पूरी हो गई है। पोस्ट-प्रोडक्शन का काम चल रहा है। सीजी पर काम हो रहा है और री-रिकॉर्डिंग (आरआर) भी जारी है। डबिंग शुरू करनी है। अगर आपको लगता है कि यह अपडेट है, तो यह अपडेट है। अगर नहीं, तो धमाके के लिए थोड़ा इंतजार करना होगा।इ इससे पहले फिल्म के निमार्ता एसएस कार्तिकेय ने इसी साल सितंबर में आईएएनएस को दिए एक खास इंटरव्यू में बताया था कि फिल्म का पोस्ट-प्रोडक्शन तेजी से चल रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई थी कि अगले साल जनवरी तक यह काम पूरा हो जाएगा।

आसिम मुनीर की धुलाई, 'मक्खनबाजी' करते डोनाल्ड ट्रंप... क्वाड में पीएम मोदी ने भारत का रौला दिखा दिया?

(जीएनएस)।

QUAD की मीटिंग से ऐसी ऐसी तस्वीरें आईं हैं, जिन्हें देखकर आप हैरान रह जाएंगे. 6 महीने बाद मिले पीएम मोदी और ट्रंप तो क्या क्या हुआ और कैसे पाकिस्तान को भी पीएम मोदी ने लपेट दिया आज आपको विस्तार से दिखाऊंगा. दवअऊ की मीटिंग में अक् क्रिटिकल मिनिरल्स, साइबर सिक्योरिटी को लेकर क्या क्या ऐलान हुए हैं. आसियान देशों के साथ पीएम मोदी ने क्या बड़ी डील की है..

भारत में जो लोग डोनाल्ड ट्रंप के कंधे पर चढ़कर प्रधानमंत्री को घेरने निकले थे, उन्हें आज की तस्वीरें देखकर बहुत तेज आग लगी होगी. क्योंकि मिड टर्म चुनाव में करारी हार और भारत के बढ़ते रुतबे का ऐसा रौला दिखा आज कि डोनाल्ड ट्रंप तो पीएम मोदी के सामने मक्खनबाजी करते नजर आ रहे थे.

डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री मोदी की 6 महीने बाद हुई आज की मुलाकात पर सबकी नजर थी और उसकी वजह भी थी, क्योंकि ये मुलाकात उन 6 महीनों के बाद हो रही है जिस दौरान बहुत कुछ बदल चुका है. सनकी डोनाल्ड ट्रंप मिड टर्म चुनाव हार चुके एक लूजर हैंङ्घ अमेरिका ईरान के हमले के खौफ में हैं. वहां ये चर्चा हो रही है कि क्या इमरजेंसी लगने वाली है? क्या राशन पानी जमा कर लें? वहां कभी फ्लाइट्स ठप हो जाती हैं. कभी बैंक सर्विस प्रभावित हो जाती है. लोग पूछ रहे हैं कि अमेरिका में क्या ही चल रहा है. दूसरी तरफ नरेंद्र मोदी हैं, जिन्होंने भारत की रफ्तार को रॉकेट बनाया हुआ है. लगातार ऐसी रिपोर्ट आ रही है, जो बता रही है कि कैसे पीएम मोदी ने ब्रैंड इंडिया को चमकाया हुआ है. डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ वाली चुनौतियों और युद्ध के क्राइसिस के बीच भी अपना भारत रौले में हैङ्घ

जब पीएम मोदी ने मंच से उठाया तिरंगा

अब जब हालात जज्बात इतने बदल चुके हैं तो आज क्या हुआ ये देखना बहुत दिलचस्प है. इस बीच पीएम मोदी की एक तस्वीर बहुत वायरल हो रही है. जिस मंच पर डोनाल्ड ट्रंप और दूसरे नेता मौजूद थे, वहां सबके सामने पीएम मोदी झुके तो इसकी चर्चा ने जोर पकड़ लिया. लेकिन ये किसी इंसान के सामने झुकना, नहीं बल्कि अपने तिरंगे के सम्मान के लिए झुकना था. इस मीटिंग से पहले जो ग्रुप फोटो हुई उसमें पीएम मोदी की एक तस्वीर की बहुत चर्चा हो रही है. दरअसल, जब ट्रंप, पीएम मोदी, जापान की पीएम सनाए ताकाइची और ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी अल्बनीज मीडिया के सामने आए तो वहां पर नेताओं के खड़े होने के लिए मंच पर कारपेट पर छोटे-छोटे झंडे रखे गए थे. ये झंडे नेताओं की खड़े होने की जगह बताने के लिए थे, जहां जिस देश का झंडा वो नेता वहां खड़ा होगा.

लेकिन पीएम मोदी की नजर नीचे तिरंगे पर पड़ी तो उन्होंने झुककर तिरंगे वाले मार्कर को अपनी जेब में रख लिया. ऐसा पीएम मोदी कई बार कर चुके हैं. अपने देश के तिरंगे के प्रति ये उनका सम्मान है. इधर पीएम मोदी के इस रुख की खूब तारीफ हो रही है. उधर डोनाल्ड ट्रंप ने जो किया है. उस पर उनकी गजब छीछालेदर हो रही है. लोग कह रहे हैं कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने तो हद ही मचा दी, क्योंकि ग्रुप फोटो के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने पत्रकारों से बात करना शुरू कर दिया, जबकि इसका कोई शेड्यूल ही नहीं था. लेकिन ट्रंप ने बाकी नेताओं की परवाह नहीं की. वही शुरू हो गए.

जब ये सब हुआ तब पीएम मोदी वहीं खड़े थे. जापान की पीएम सनाए ताकाइची खड़ी थीं. ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी अल्बनीज खड़े थे. और ट्रंप उनको मंच पर साथ लेकर अकेले मीडिया से बात कर रहे हैं और तीनों नेताओं के एक्सप्रेशन यह था कि ये क्या ही चल रहा है. जब ज्यादा हो गया तो पीएम मोदी ने साफ बोल दिया कि क्या हम आगे बढ़ें.. मतलब ट्रंप को बात करनी है तो करें हम तो चलें

क्वाड के मंच से चीन दौरे की कहानी बताने लगे ट्रंप

लेकिन डोनाल्ड ट्रंप इतने पर भी नहीं रुके. वो मीडिया से बात करते रहे. दवअऊके मंच से अपनी चीन के दौरे की कहानी बताने लगे. ईरान को धमकी देने लगे. पुतिन पर बात करने लगे. अब वहां खड़े बाकी नेता सोच रहे हैं कि ये क्या ही चल रहा है. ऊपर से ट्रंप ये माहौल बनाने लगे कि उनसे तो बहुत मुश्किल सवाल किए जा रहे हैं, वो सवालों का जवाब दे रहे हैं. ट्रंप ने ये भी ऑफर किया कि अगर कोई और सवाल ों का जवाब देना चाहे.

मीडिया से बातचीत के दौरान ट्रंप ने दवअऊपर सवाल किया गया है, तो वो इधर-उधर की बात करने लगे. बाकी नेताओं को अच्छा दोस्त बताने लगे. पीएम मोदी को टफ मैन कहने लगे. लेकिन पीएम मोदी ने ट्रंप की तरफ देखा तक नहीं. क्योंकि आज की डेट में ट्रंप ने कूटनीति का तमाशा बना दिया है. उन्होंने सबसे ऐसे रिश्ते खराब कर लिए हैं कि अब अमेरिका पर उस तरह का भरोसा किसी देश का नहीं है.

डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, 'इन लोगों और इन देशों के साथ हमारे बहुत अच्छे संबंध हैं और शुरूआत से ही ऐसे रहे हैं. मैं इन तीनों के साथ लंबे समय से रहा हूं और वो असाधारण लोग हैं और वो मेरे दोस्त हैं इसलिए इनसे मदद मिलती है. इससे वाकई ही बहुत मदद मिलती है. और वैसे भी ये एक बहुत 'टफ मैन' हैं, बस मैं ऐसे ही बता रहा हूं और शायद वो इनसे भी ज्यादा सख्त हों और हम भी ठीक हैं.'

भारत के गुणगान करने लगे ट्रंप

पीएम मोदी ने तो ट्रंप को कोई भाव नहीं दिया है, लेकिन ट्रंप पीएम मोदी का बार-बार नाम लेते रहे. बैठक के अंदर भी ट्रंप ने पीएम मोदी को अपना अच्छा दोस्त और महान नेता बताने लगे. भारत की इकॉनमी को डेड बताने वाले ट्रंप मीटिंग में भारत को सबसे सफल, सबसे ताकतवर बताने लगे. भारत से साझेदागी को अहम बताने लगे.

ये भी पढ़ें: 'क्वाड' समिट में गूंजे पीएम मोदी के उठाए 6 मुद्दे, पाकिस्तान-चीन के लिए आई बुरी खबर, ट्रंप भी हुए राजी

दवअऊकी मीटिंग के अंदर ट्रंप ने



कहा, 'मुझे आपको बताना है कि प्रधानमंत्री मोदी मेरे बहुत अच्छे दोस्त हैं. वो एक महान नेता हैं, जिन्हें पूरी दुनिया में हर कोई बहुत सम्मान देता है. वैसे मैं इन तीनों नेताओं का सम्मान करता हूं. वो एक बेहद सम्मानित व्यक्ति हैं. तो प्रधानमंत्री जी आइएङ्घ धन्यवाद.'

डोनाल्ड ट्रंप ऐसे वक्त में दवअऊ समिट में हिस्सा ले रहे हैं जब वो चीन जा रहे हैं. इसलिए दवअऊ को लेकर उनकी गंभीरता पर भी सवाल उठ रहे हैं. लेकिन ट्रंप ये माहौल बना रहे हैं कि अगले 12 महीने में दवअऊ में ऐसी तूफानी चीजें होगी जो कोई सोच भी नहीं सकता है.

इधर ट्रंप माहौल बनाते रहे, उधर दवअऊके साझा बयान में पीएम मोदी ने उन ज्यादातर मुद्दों को कवर करवा दिया जिससे भारत के हित जुड़े हैं. दवअऊ समिट के साझा बयान के मुताबिक, यथास्थिति बदलने की एकतरफा कोशिशों का विरोध किया गया

बल प्रयोग और दबाव के जरिए स्थिति बदलने की कोशिशों पर कड़ी आपत्ति जताई, आर्थिक दबाव बनाने की कोशिशों और मनमाने निर्यात प्रतिबंधों पर गंभीर चिंता जताई गई, सप्लाई चेन को सुरक्षित बनाने और समुद्री और हवाई मार्गों की स्वतंत्रता की रक्षा करने पर जोर दिया गया है, इसके अलावा दवअऊ के पहले बिजनेस लीडर्स फोरम का ऐलान किया गया है., इसकी बैठक अगले साल मुंबई में होगी, इसमें चारों देशों के कारोबारी, सरकारी अधिकारी और नीति विशेषज्ञ हिस्सा लेंगे., समुद्र में निगरानी सहयोग की नई पहल के लिए बात हुई., इसके तहत चारों देश समुद्री सूचनाओं का आदान-प्रदान और समुद्री गतिविधियों पर निगरानी बढ़ाएंगे., 2027 में पहली बार क्वाड के तहत समुद्री अभ्यास में पी- 8 और पी-3 सी हिस्सा लेंगे., समुद्र के भीतर संचार केबल नेटवर्क को मजबूत करने की क्वाड साझेदारी में प्रगति का स्वागत किया गया.

क्षेत्र में साइबर हमलों की बढ़ती संख्या और गंभीरता पर चिंता जताई गई, साइबर सुरक्षा सहयोग को और मजबूत करने का ऐलान किया गया, इसके अलावा दवअऊ देशों के बीच अक के इकोसिस्टम को बढ़ावा देने पर बात हुई., इस बैठक में डोनाल्ड ट्रंप ने नए दवअऊ अक का भी ऐलान किया है.

दवअऊ समिट में एक अहम बात ये हुई है कि साझा बयान में सीमा पार आतंकवाद का भी जिक्र किया गया है. इसे भारत की कूटनीति बढ़त के तौर पर देखा जा रहा है, क्योंकि पीएम मोदी ने ट्रंप के सामने ही उसके चापलूस मुनीर को घेर लिया है.

क्वाड के साझा बयान में सीमा पार आतंकवाद समेत आतंकवाद और हिंसक उग्रवाद के सभी रूपों की कड़ी निंदा की गई. आतंकवाद के खिलाफ क्वाड देशों के बीच मौजूदा सहयोग को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई गई. दवअऊ को लेकर ट्रंप कितने सीरियस हैं ये बात तो उन्होंने एप्रोच से ही समझ आ गई है लेकिन जो बाकी देश हैं, भारत, जापान, ऑस्ट्रेलिया. उनके लिए ये मंच अहम है. क्योंकि भारत, जापान, ऑस्ट्रेलिया से समझते हैं कि दवअऊकिस मकसद से बना था और उस मकसद को पूरा करने के लिए क्या क्या कदम उठाने चाहिए.

QUAD मीटिंग में क्या बोले पीएम मोदी?

इसलिए आप देखिए कि दवअऊ की बैठक में पीएम मोदी ने जिन-जिन मुद्दों को उठाया. उसमें से ज्यादा मुद्दों को साझा बयान में जगह मिली है. QUAD की मीटिंग में पीएम मोदी ने कहा, 'भारत दवअऊ को एक अच्छा और भरोसेमंद साथी मानता है. समुद्र की सुरक्षा हो, नई तकनीक हो, या किसी मुसीबत में मदद करनी हो झ QUAD का काम है कि पूरे इंडो-पैसिफिक के लिए भरोसेमंद समाधान देना. भारत QUAD को एक रचनात्मक और विश्वसनीय साझेदारी के रूप में देखता है. समुद्री सुरक्षा से लेकर विश्वसनीय साझेदारी के लिए नई टेक्नोलॉजी और डिजास्टर रिस्पांस तक हमारा प्रयास है कि दवअऊ पूरे इंडो-पैसिफिक के लिए ट्रस्टेड सॉल्यूशंस प्रदान करे.

पीएम मोदी ने इसके साथ ही कहा, 2007 में चारों देशों के अधिकारी पहली बार यहीं मिले थे. 10 साल बाद, 2017 में, इसी शहर में हमने अपना संवाद फिर से शुरू किया है.आज एक बार फिर, इस ऐतिहासिक शहर में क्वाड की बैठक होना एक महत्वपूर्ण पड़ाव है. पिछले बार, जनवरी से अब तक, हमारे विदेश मंत्री पाँच बार मिल चुके हैं. यह हमारी साझेदारी के प्रति, राजनीतिक इच्छाशक्ति और साझा प्रतिबद्धता का प्रमाण है.'

उन्होंने कहा, 'क्वाड को आगे बढ़ाने में सभी साथी लीडर्स ने नेतृत्व, निरंतर समर्थन और व्यक्तिगत योगदान के लिए मैं उन सबका हार्दिक अभिनंदन करता हूं. मुझे पूरा विश्वास है कि आज की बैठक से हम अपने सहयोग के अगले चरण के लिए ठोस लक्ष्य तय कर सकेंगे. बहुत-बहुत धन्यवाद.

थाईलैंड से लेकर सिंगापुर के नेताओं से पीएम मोदी की मुलाकात

दवअऊकी मीटिंग से पहले पीएम मोदी ने आसियान-भारत और ईस्ट एशिया समिट में भी हिस्सा लिया. पीएम मोदी ने थाईलैंड से लेकर सिंगापुर के नेताओं से वन टू वन मुलाकात भी की. आसियान को लेकर पीएम मोदी ने कहा कि ये ग्रुप दुनिया की एक चौथाई आबादी का प्रतिनिधित्व करता है. बिना चीन के नाम लिए पीएम मोदी ने कहा कि हम मिलकर सहयोग और सामर्थ्य से इस क्षेत्र में शांति और स्थिरता बना सकते हैं. पीएम मोदी ने बताया कि कैसे 2014 से अब तक आसियान देशों के साथ रिश्तों को मजबूत करने पर काम हुआ है. कैसे एक्ट ईस्ट पॉलिसी को मजबूत करने के लिए काम हुए हैं पीएम मोदी ने कहा कि भारत और 9 आसियान देशों के बीच डायरेक्ट फ्लाइट्स चल रही हैं. इस साल ही आसियान देशों में ये उनकी तीसरी यात्रा है. पीएम मोदी ने बिना किसी देश का नाम लिए कहा कि दुनिया संकट से गुजर रही है. ऐसे में शांति, स्थिरता बहुत जरूरी है.

पीएम मोदी ने कहा, 'पिछले कुछ वर्षों में दुनिया एक के बाद एक अनेक संकटों से गुजरी है. आज दुनिया को सबसे अधिक आवश्यकता है शांति, स्थिरता और प्रेडिक्टेबिलिटी की. भारत और अरएअठ मिलकर विश्व की लगभग एक-चौथाई जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करते हैं इसलिए ये सुनिश्चित करना जरूरी है कि हमारा भविष्य प्रतिस्पर्धा से नहीं, सहयोग से तय हो. हमारे पास सामर्थ्य भी है, और हमारे पास संकल्प भी है.'

आसियान देशों के साथ मिलकर पीएम मोदी इस साझेदारी को नई ऊंचाईयों पर ले जाने पर जोर दिया. ताकी भारत के साथ मिलकर इस क्षेत्रीय समूह को और मजबूत किया जा सके.

पीएम मोदी ने ये प्रस्ताव रखा कि आसियान देशों के बीच समुद्री सुरक्षा को लेकर लॉन्ग टर्म प्लान बने

साइबर सुरक्षा क्षमता बढ़ाने के लिए भारत और आसियान के बीच संयुक्त साइबर फॉरेंसिक प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करने का प्रस्ताव है

परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में तकनीकी जानकारी और अनुभव साझा करने का प्रस्ताव है खनन और महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में भारत और आसियान देशों के बीच सहयोग बढ़ाने पर जोर की बात कही गई है युवाओं को जोड़ने के लिए यूथ समिट, स्टार्टअप हैकाथॉन आयोजित करने का प्रस्ताव है आसियान देशों के छात्रों के लिए नालंदा विश्वविद्यालय में स्कॉलरशिप बढ़ाने का प्रस्ताव शामिल है इसके अलावा प्राकृतिक आपदाओं से निपटने में भारत और आसियान देशों के बीच समझौता हुआ है अर्ली वॉर्निंग से लेकर राहत-बचाव तक सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी है कूटनीतिक मोर्चा बंदी से पहले पीएम मोदी आज सुबह मनीला के करीब सौ साल पुराने ऐतिहासिक 'गुरुद्वारा खालसा दीवान' भी पहुंचे, जहां उन्होंने गुरुद्वारे के पुनर्विकास कार्यों की आधारशिला रखी. साल 1932 में स्थापित यह गुरुद्वारा फिलीपींस का सबसे पुराना गुरुद्वारा है, जो वहां बसे भारतीय और सिख समुदाय की आस्था का बड़ा केंद्र है. इस खास मौके पर पीएम मोदी ने गुरुद्वारे में मत्था टेका, सरोपा ग्रहण किया और प्रवासी भारतीयों से मुलाकात की. अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने सिख समुदाय की निस्वार्थ सेवा भावना को सलाम किया है.

PRGI No.: UPHIN/25/A1697 Published & Owned by AJAYKUMAR RAMANLAL PRAJAPATI and Printed By SUSHILA SHUKLA at Krishna Printiers, 271/31 Chakmaki Dugawa, Rajendranagar, Lucknow-226018, Uttar Pradesh.
and Published from 538 GHA/85 Pataurganj, Near Janki Prasad Dharmshala, Sitapur Road, Niralanagar, Lucknow-226020, Uttar Pradesh. Editor : ASHWANI KUMAR
Rage.Office: TF-01, Nanakram Super Market, Ramnagar, Sabarmati, Ahmedabad - 380 005 Gujarat,India. Phone : (O) 9016333307(M) 9825333307
Email : garvigujarat2007@gmail.com*garvigujarat2007@yahoo.com*Website : www.garvigujarat.co.in

जोगराजपुर शमशान घाट में जा घुसा गन्ने से भरा ओवरलोड ट्रक, लाखों रुपये के नुकसान की आशंका

(जीएनएस)।

गुलरिया चीनी मिल के गन्ना सेंटर से जुड़ा मामला, शमशान घाट परिसर को पहुंचा भारी नुकसान

जोगराजपुर/ पूरनपुर/पीलीभीत। गुलरिया चीनी मिल के जोगराजपुर गन्ना सेंटर से जुड़ा एक मामला सामने आया है। गन्ने से भरा ओवरलोड ट्रक अनियंत्रित होकर जोगराजपुर स्थित मरघट परिसर के अंदर जा घुसा। ट्रक की चपेट में आने से शमशान घाट परिसर में काफी नुकसान होने की बात सामने आई है। घटना के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल है।



स्थानीय लोगों के अनुसार, ट्रक में क्षमता से अधिक गन्ना लदा हुआ था। ट्रक शमशान घाट परिसर में घुसने से वहां बने निर्माण एवं अन्य संपत्ति को नुकसान पहुंचा है। शुरूआती तौर पर लाखों रुपये के नुकसान की आशंका जताई जा रही है।

घटना को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी है। लोगों का कहना है कि गन्ना ढुलाई में लगे वाहनों की ओवरलोडिंग पर नियंत्रण होना चाहिए, ताकि सार्वजनिक स्थलों और आम लोगों की संपत्ति को नुकसान न पहुंचे।

अब देखना होगा कि संबंधित चीनी मिल प्रबंधन और जिम्मेदार अधिकारी मामले को कितनी गंभीरता से लेते हैं तथा नुकसान की भरपाई के लिए क्या कदम उठाते हैं।

पति से विवाद के बाद पत्नी ने खाया जहरीला पदार्थ, हालत गंभीर





प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर, पुलिस ने शुरू की मामले की जांच

(जीएनएस)।

बीसलपुर। नगर के मोहल्ला गयासपुर में मंगलवार सुबह पति से विवाद होने के बाद एक महिला ने कमरे में जाकर कथित रूप से जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बीसलपुर लेकर पहुंचे। यहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

जानकारी के अनुसार बीसलपुर नगर के मोहल्ला गयासपुर निवासी शाहिना (31) का मंगलवार सुबह करीब 10 बजे किसी बात को लेकर अपने पति से विवाद हो गया। विवाद के बाद वह कमरे में चली गई और वहां कथित रूप से जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। कुछ देर बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी। जानकारी होने पर उसके भाई जुनैद ने उसे तत्काल सीएचसी बीसलपुर पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत चिंताजनक देखते हुए बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर बीसलपुर कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

राष्ट्रीय कवि संगम की 'काव्यांजलि' को 51 रचनाकारों की शानदार काव्य प्रस्तुतियों ने बनाया यादगार

मुंबई, 17 नवम्बर। देश की प्रमुख साहित्यिक संस्था "राष्ट्रीय कवि संगम" के संस्थापक स्वर्गीय जगदीश मित्तल की जयंती के अवसर पर उनकी पावन स्मृति में आयोजित विशेष कवि सम्मेलन 'काव्यांजलि' का भव्य आयोजन मुंबई, ठाणे और नवी मुंबई के 51 रचनाकारों की शानदार काव्य प्रस्तुतियों की बदौलत यादगार बन गया।

यह सुरुचिपूर्ण कार्यक्रम राष्ट्रीय कवि संगम की महाराष्ट्र प्रांत इकाई की अध्यक्षा श्रीमती रीमा राय सिंह के निर्देशन, परिकल्पना और संयोजन में वसई (पूर्व) स्थित रीजेंसी बैंक्वेट में आयोजित किया गया। यह कवि सम्मेलन दोपहर लगभग 3 बजे प्रारंभ होकर रात 9:30 बजे तक अनवरत चलता रहा। कुल 51 रचनाकारों के काव्य पाठ की परिकल्पना के साथ आयोजित इस सम्मेलन में कविता, गीत, गजल, हास्य और भावपूर्ण रचनाओं से सजी संध्या ने साहित्य प्रेमियों को एक यादगार अनुभव प्रदान किया। सम्मेलन की अध्यक्षता पूर्व दूरदर्शन अधिकारी, वरिष्ठ साहित्यकार एवं राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित प्रख्यात लोक गायिका डॉ. शैलेश श्रीवास्तव ने की। मुख्य अतिथि के रूप में सुप्रसिद्ध हास्य कवि एवं गीतकार महेश दुबे उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. ओमप्रकाश दुबे ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। मुख्य अतिथि महेश दुबे ने अपने विशिष्ट हास्य अंदाज के साथ संवेदनशील और भावपूर्ण काव्य प्रस्तुति से सभागृह को भावविभोर कर दिया। उनकी प्रस्तुति के समापन पर उपस्थित श्रोताओं ने खड़े होकर तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उन्हें स्टैंडिंग ओवेशन दिया। वहीं कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. शैलेश श्रीवास्तव की मधुर वाणी और प्रभावशाली अध्यक्षीय उद्बोधन ने आयोजन को सुंदर समापन प्रदान किया। राष्ट्रीय कवि संगम की महाराष्ट्र प्रांत इकाई में साहित्यिक गतिविधियों को विस्तार देने और नये-पुराने रचनाकारों को एक साझा मंच पर जोड़ने के प्रयासों की झलक 'काव्यांजलि' के सफल आयोजन में देखने को मिली। इस कार्यक्रम में संस्था के संरक्षक देवेंद्र तिवारी, गुलशन मदान, नवीन चतुर्वेदी एवं डॉ. कनकलता तिवारी सहित अनेक साहित्यकारों और सहयोगियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सम्मेलन का शानदार संचालन फिल्म अभिनेता एवं निर्देशक रवि यादव ने सीमा त्रिवेदी और अर्चना झा के साथ किया। तीनों के प्रभावशाली, सहज और आत्मीय संचालन ने सात घंटे तक चले आयोजन को निरंतर गति और गरिमा प्रदान की। इस साहित्यिक संध्या में अभिनेता आशुतोष सिंह, अंजनी द्विवेदी, राजू मिश्र, लक्ष्मी यादव, वीनू त्रिपाठी, बिट्टू जैन, संजय रोकड़े, कल्पना उबाले, सरोज गजरे, सुनंदा गिरी, डॉ. अनामिका दुबे, नूतन राय, कल्पना देशमुख, कविता झा, हीरालाल यादव, कमर हाजीपुरी, निमेष कुमार, शिव त्रिपाठी, हरिशंकर त्रिपाठी, रश्मि तिवारी, रम्या तिवारी, कल्पना पांडे, प्रसाद साल्वी, ओमप्रकाश तिवारी, डॉ. विनय उपाध्याय, जयमाला राय, रश्मि कुमार, अंबिका झा, शिवप्रकाश जमदग्निपुरी, माया मेहता, श्रीकृष्ण कालकर, शशिकला कालकर, अंजली जैन, सौरभ सिंह, किरण तिवारी, कल्पना म्हापुसकर, अर्चना वर्मा सिंह एवं विपुल मौर्य सहित अनेक रचनाकारों ने अपनी काव्य प्रस्तुतियों के जरिये कार्यक्रम को विविध रंगों से सजाया। राष्ट्रीय कवि संगम की महाराष्ट्र प्रांत की पूरी टीम, नवी मुंबई इकाई और साहित्यप्रेमी विजय इंगले सहित सभी अतिथियों, कवियों, कवयित्रियों एवं साहित्य प्रेमियों की सहभागिता से आयोजित 'काव्यांजलि' एक यादगार साहित्यिक आयोजन के रूप में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।



राष्ट्रीय कवि संगम की महाराष्ट्र प्रान्त इकाई द्वारा आयोजित विशेष कवि सम्मेलन "काव्यांजलि" में शामिल विभिन्न गणमान्य अतिथि और रचनाकार।

तेज रफ्तार एंबुलेंस की टक्कर से मां-बेटी गंभीर घायल, चालक फरार

(जीएनएस)।

पीलीभीत, बीसलपुर। बीसलपुर-बरेली मार्ग पर मंगलवार को ग्राम मीरपुर तिराहे के समीप तेज रफ्तार एंबुलेंस ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार मां-बेटी गंभीर रूप से घायल हो गईं। दुर्घटना के बाद एंबुलेंस चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया।

जानकारी के अनुसार, ग्राम बीरमपुर निवासी रूप किशोर की पत्नी स्वाति अपनी दो वर्षीय पुत्री हिमांशी के साथ बाइक से जा रही थीं। इसी दौरान मीरपुर तिराहे के पास तेज गति से आ रही एंबुलेंस ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मां-बेटी सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं।



हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जुट गई। लोगों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीसलपुर पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने उनका प्राथमिक उपचार किया। स्वाति की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें बेहतर उपचार के लिए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया, जबकि मासूम हिमांशी का भी उपचार किया गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, दुर्घटना के बाद एंबुलेंस चालक रुकने के बजाय वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दे दी गई है। पुलिस मामले की जानकारी जुटा रही है। हादसे के बाद परिजनों में चिंता का माहौल है।

जमीन विवाद में ओमकार की संदिग्ध हालात में मौत, भतीजे पर जबरन जहरीला पदार्थ पिलाने का आरोप

दियोकलिया गांव में घटना से मचा हड़कंप, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा

पीलीभीत। दियोरिया कलां कोतवाली क्षेत्र के दियोकलिया गांव में जमीन विवाद के चलते एक ग्रामीण की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान 45 वर्षीय ओमकार के रूप में हुई है। परिजनों ने उनके भतीजे पर घर में घुसकर सोते समय जबरन जहरीला पदार्थ पिलाने का गंभीर आरोप लगाया है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।





परिजनों के मुताबिक, सोमवार रात करीब 12:30 बजे ओमकार घर में सो रहे थे। इसी दौरान आरोप है कि उनका भतीजा घर के बाहर वाले रास्ते से कमरे में पहुंचा और सोते समय ओमकार को जबरन जहरीला पदार्थ पिला दिया। कुछ देर बाद उनकी हालत बिगड़ने लगी। जानकारी होने पर परिजन आनन-फानन में उन्हें बीसलपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

ओमकार की मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। परिजनों ने जमीन के विवाद को घटना की वजह बताते हुए भतीजे पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका आरोप है कि इसी रंजिश के चलते ओमकार को जहरीला पदार्थ पिलाया गया।

सूचना मिलने पर दियोरिया कलां कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घटना के संबंध में परिजनों से जानकारी जुटाई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असली वजह स्पष्ट हो सकेगी।

कोतवाली प्रभारी गौतम सिंह ने बताया कि ग्रामीण की मौत की सूचना पर पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई की है। मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

सीनियर आईएएस अनुज सिंह ने सम्हाला एलडीए का पदभार

परवेज अख़्तर

एलडीए की कमान संभालते ही एक्शन मोड में नजर आए नए उपाध्यक्ष अनुज सिंह, भ्रष्टाचार पर प्रहार और लखनऊ के विकास को देंगे रफ्तार

लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) के नवनियुक्त उपाध्यक्ष अनुज सिंह ने सोमवार को विधिवत अपना कार्यभार संभाल लिया। कार्यभार ग्रहण करते ही उन्होंने कार्यालय का निरीक्षण कर अधिकारियों और कर्मचारियों की कार्यशैली का जायजा लिया। विभिन्न विभागों में पहुंचकर फाइलों, अभिलेखों और चल रही विकास योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। साथ ही अधिकारियों से योजनाओं में आ रही बाधाओं और कार्यों में हो रही देरी के संबंध में भी जवाब-तलब किया।

अनुज सिंह की एलडीए में तैनाती को राजधानी लखनऊ के विकास और प्राधिकरण की कार्यप्रणाली के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

इससे पहले वह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यालय में विशेष सचिव के पद पर कार्यरत थे। इसके अतिरिक्त उत्तर प्रदेश राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद में भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभा चुके हैं।

अनुज सिंह 2013 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (कअर) अधिकारी हैं। उन्होंने देश के प्रतिष्ठित संस्थान आईआईटी दिल्ली से शिक्षा प्राप्त की है। प्रशासनिक अनुभव, कार्यक्षमता और तेजतर्रार कार्यशैली के लिए पहचाने जाने वाले अनुज सिंह को शासन ने अब प्रदेश की राजधानी के सबसे महत्वपूर्ण विकास प्राधिकरणों में से एक एलडीए की जिम्मेदारी सौंपी है।

अत्यंत दुखद एवं हृदयविदारक घटना – आखिर एक मासूम की जान का जिम्मेदार कौन? उच्चस्तरीय जांच की मांग

(जीएनएस)।

लखनऊ /प्रयागराज

प्रयागराज क्षेत्र के इरादतगंज स्थित सेंट मैरी कान्वेंट स्कूल में सामने आई यह घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक है। बताया जा रहा है कि महज *5 मिनट की देरी से स्कूल पहुंचने पर एक मासूम बच्चे को स्कूल के कर्मचारियों द्वारा स्कूल से बाहर कर दिया गया।* इसके बाद बच्चा घर जाने के लिए निकला और रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मृत्यु हो गई।

यह घटना कई गंभीर सवाल खड़े करती है। क्या महज 5 मिनट की देरी इतनी बड़ी गलती थी कि एक छोटे बच्चे को अकेले स्कूल से बाहर भेज दिया जाए? क्या स्कूल प्रशासन की यह जिम्मेदारी नहीं थी कि बच्चे की सुरक्षा सुनिश्चित करे और उसके अभिभावकों को सूचित करे?



विद्यालय केवल शिक्षा देने का स्थान नहीं, बल्कि बच्चों की सुरक्षा और संरक्षण की भी जिम्मेदारी निभाने वाला संस्थान है। अनुशासन के नाम पर किसी मासूम की सुरक्षा के साथ ऐसा खिलवाड़ कतई स्वीकार्य नहीं हो सकता।

परिजनों कि मांग है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच हो, स्कूल प्रबंधन और संबंधित कर्मचारियों की भूमिका की जांच की जाए तथा दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई हो।

अब सवाल सिर्फ एक परिवार के दर्द का नहीं, बल्कि क्षेत्र के प्रत्येक बच्चे की सुरक्षा का है।

**एक मासूम की जिंदगी अनमोल थी। ऐसी घटना दोबारा न हो, इसके लिए जवाबदेही और न्याय सुनिश्चित होना चाहिए, परिजनों व ग्रामीणों द्वारा स्कूल को घेराव किया गया है प्रसाशन भी मौजूद रही ।परिजन व ग्रामीणों द्वारा

ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत मासूम की आत्मा को शांति प्रदान करें और शोकाकुल परिवार को इस असहनीय दुख को सहने की शक्ति दे ` और स्कूल प्रबंधक के ऊपर जांच व कार्यवाही कि माग किया गया है

कुंडल लूटने वाले बदमाशों से पुलिस की मुठभेड़, दो के पैर में लगी गोली, तीसरा गिरफ्तार





24 घंटे के भीतर पुलिस ने किया वारदात का खुलासा, लूटा गया कुंडल, दो तमंचे और वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद, मुठभेड़ में सिपाही भी घायल

(जीएनएस)।

पीलीभीत, बीसलपुर में बुजुर्ग महिला के कान से सोने का कुंडल लूटकर फरार हुए तीन बदमाशों को बीसलपुर पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। मंगलवार शाम गोवल नहर कोठी के पास नहर किनारे चेकिंग के दौरान पुलिस और बदमाशों का आमना-सामना हो गया। पुलिस के रोकने पर बदमाशों ने फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में दो बदमाशों के पैर में गोली लग गई, जबकि उनका तीसरा साथी भागकर खेत में छिप गया। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे भी गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान सिपाही दीपक भी घायल हो गए। घायल बदमाशों और सिपाही को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

झपट्टा मारकर महिला के कान से कुंडल लूटा था

जानकारी के अनुसार, सोमवार को गजरौला निवासी चंद्रपाल की पत्नी नन्ही देवी बीसलपुर से अपने घर लौट रही थीं। इसी दौरान पीछे से आए एक बदमाश ने झपट्टा मारकर उनके बाएं कान का सोने का कुंडल छीन लिया और मोटरसाइकिल से फरार हो गया। घटना के बाद पुलिस ने छानबीन शुरू की। घटनास्थल और आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ आरोपियों की तलाश में टीमें लगाई गईं।

गोवल नहर कोठी के पास हुई मुठभेड़

मंगलवार शाम करीब साढ़े चार बजे गोवल नहर कोठी के पास नहर किनारे पुलिस चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मोटरसाइकिल सवार तीन संदिग्धों को रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस के मुताबिक, बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में रिजवान पुत्र साबिर कुरैशी निवासी मोहल्ला ग्यासपुर के बाएं पैर में घुटने के नीचे गोली लगी, जबकि सुल्तान पुत्र इरफान के दाहिने पैर में घुटने के नीचे गोली लगी। दोनों को पुलिस ने मौके पर गिरफ्तार कर लिया। उनका तीसरा साथी जीशान पुत्र बाबू बख्श उर्फ मंसूरी निवासी सिंधइया रोड, मोहल्ला ग्यासपुर भागकर खेत में छिप गया। पुलिस ने कांबिंग अभियान चलाकर उसे भी गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ में सिपाही दीपक भी घायल हो गए।

कुंडल, दो तमंचे और मोटरसाइकिल बरामद

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटा गया पीली धातु का एक कुंडल, 315 बोर और 12 बोर के दो तमंचे, दो जिंदा कारतूस और तीन खोखा कारतूस बरामद किए हैं। इसके अलावा वारदात में इस्तेमाल की गई स्प्लेंडर मोटरसाइकिल संख्या यूपी 26 एएन 0472 भी बरामद हुई है।

सुल्तान पर पहले से दर्ज हैं दस मुकदमे

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी सुल्तान के खिलाफ बीसलपुर थाने में पहले से दस आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। इनमें चोरी, आर्म्स एक्ट, आबकारी अधिनियम सहित अन्य गंभीर धाराओं के मामले शामिल हैं। पुलिस अन्य दोनों आरोपियों का आपराधिक इतिहास भी खंगाल रही है।

प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में हुई कार्रवाई

पूरी कार्रवाई प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार शुक्ला के नेतृत्व में की गई। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक हिमांशु चौधरी, उपनिरीक्षक अंकित यादव, मुख्य आरक्षी मुनीश यादव, आरक्षी परमजीत, रवि, दीपक राजपूत और रोहित राठी शामिल रहे। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

समाजवादी युवजन सभा में सुधीर कुमार उर्फ शैंपू पटेल को मिली जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी

अखिलेश यादव की अनुमति और प्रदेश अध्यक्ष की संस्तुति पर हरगोविंद गंगवार ने जारी किया मनोनयन पत्र, समर्थकों में खुशी की लहर

(जीएनएस)।

पीलीभीत। समाजवादी पार्टी के संगठन को मजबूत बनाने के लिए समाजवादी युवजन सभा में सुधीर कुमार उर्फ शैंपू पटेल को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्हें समाजवादी युवजन सभा जनपद पीलीभीत का जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। उनका मनोनयन समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की अनुमति तथा समाजवादी युवजन सभा के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद गिरि की संस्तुति पर किया गया है।



समाजवादी युवजन सभा के जिलाध्यक्ष हरगोविंद गंगवार ने 17 नवंबर 2026 को मनोनयन पत्र जारी कर सुधीर कुमार उर्फ शैंपू पटेल को नई जिम्मेदारी सौंपी। मनोनयन पत्र में उनसे पार्टी की नीतियों एवं राष्ट्रीय और प्रदेश नेतृत्व के निदेशों का पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ पालन करते हुए संगठन को मजबूत बनाने की अपेक्षा की गई है। साथ ही अधिक से अधिक युवाओं को समाजवादी पार्टी से जोड़कर संगठन का विस्तार करने की जिम्मेदारी दी गई है।

सुधीर कुमार उर्फ शैंपू पटेल को जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने पर समर्थकों और शुभचिंतकों ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उनके मनोनयन से युवाओं में उत्साह का माहौल है।

एलडीए के जोन-7 में अवैध निर्माण का खेल! बिल्डरों को किसका संरक्षण? जिम्मेदार अधिकारी क्यों साधे हैं चुप्पी?

(जीएनएस)।

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में अवैध निमार्णों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला वजीरगंज थाना क्षेत्र का है, जहां तालीम का स्कूल के सामने वाली लाइन में कथित तौर पर लगभग 6,000 वर्गफुट क्षेत्रफल में बेसमेंट सहित एक विशाल व्यावसायिक भवन का निर्माण कराया जा रहा है। स्थानीय स्तर पर उठ रहे सवालों के मुताबिक, निर्माण कार्य बिना स्वीकृत मानचित्र, निर्धारित मानकों, आवश्यक सेटबैक और अग्निशमन विभाग की एनओसी के बिना कराए जाने का आरोप है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) के जोन-7 के जिम्मेदार अधिकारियों की नजर इस निर्माण पर क्यों नहीं पड़ रही है? क्षेत्र में हो रहे इस कथित अवैध निर्माण को लेकर जोन-7 के संबंधित अवर अभियंता की कार्यप्रणाली भी सवालों के घेरे में है। आरोप है कि बिल्डरों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से निर्माण कार्य लगातार आगे बढ़ रहा है। क्या संबंधित अधिकारियों को इसकी जानकारी नहीं है, या फिर जानबूझकर कार्रवाई से दूरी बनाई जा रही है? मामले में यह भी सवाल उठ रहा है कि यदि निर्माण नियमों के विपरीत हो रहा है, तो अब तक नोटिस जारी करने, निर्माण रोकने और नियमानुसार सीलिंग की कार्रवाई क्यों नहीं की



गई? क्या इस मामले की फाइल लंबित है या शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं हो रही? पत्रकारों द्वारा संबंधित अधिकारियों से फोन पर संपर्क करने के प्रयासों को लेकर भी असंतोष सामने आया है। आरोप है कि कई बार फोन का जवाब नहीं मिलता और संपर्क होने पर भी सवालों का स्पष्ट जवाब देने के बजाय टालमटोल की जाती है। उच्च अधिकारियों से सीधे सवाल ये है की लगभग 6,000 वर्गफुट में बन रहे इस भवन का स्वीकृत मानचित्र है या नहीं? बेसमेंट निर्माण के लिए नियमानुसार अनुमति ली गई है या नहीं अग्निशमन विभाग की एनओसी उपलब्ध है या नहीं? निर्माण में निर्धारित सेटबैक और अन्य भवन निर्माण मानकों का पालन हो रहा है या नहीं? जोन-7 के जिम्मेदार अधिकारियों ने अब तक स्थल निरीक्षण और कार्रवाई क्यों नहीं की गई? यदि अनियमितताएं पाई जाती हैं, तो जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही कब तय होगी? अब देखना यह है कि लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं उच्च अधिकारी इस मामले का संज्ञान लेते हैं या फिर राजधानी में अवैध निर्माण का यह खेल यूं ही जारी रहेगा। जनहित में मांग है कि तत्काल निष्पक्ष जांच कराई जाए, निर्माण की वैधता की जांच हो तथा नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित भवन को नियमानुसार सील करने और ध्वस्तीकरण सहित आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाए। सवाल बड़ा है क्या लखनऊ में भवन निर्माण के नियम सिर्फ आम नागरिकों के लिए हैं, या रसूखदार बिल्डरों पर भी कानून का शिकंजा कसेगा?

'सक्षम' कार्यक्रमः मसौली में 25 किशोरी बालिकाओं ने कंप्यूटर सेंटर और कौशल विकास केंद्र का किया भ्रमण

(जीएनएस)।

मसौली बाराबंकी। मंगलवार को वात्सल्य संस्था द्वारा संचालित सक्षम कार्यक्रम के तहत 25 किशोरी बालिकाओं का एक दिवसीय एक्सपोजर विजिट थाना मसौली का कराया गया इस दौरान प्रभारी निरीक्षक छोटेलाल ने किशोरियो को महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।

एक्सपोजर विजिट के दौरान किशोरियों को थाना मसौली, कंप्यूटर सेंटर एवं कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र का भ्रमण कराया गया। कंप्यूटर सेंटर में बालिकाओं को कंप्यूटर शिक्षा के महत्व, डिजिटल ज्ञान एवं इसके माध्यम से रोजगार के अवसरों के बारे में जानकारी दी गई। वहीं व्यावसायिक प्रशिक्षणों एवं रोजगार की संभावनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया।



कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र में नर्सिंग कोर्स सहित विभिन्न प्रभारी छोटेलाल एवं मिशन शक्ति टीम से किरन अनामिका जैन तथा समीक्षा ने किशोरियों के साथ संवाद किया। इस दौरान उन्हें साइबर अपराध, ऑनलाइन धोखाधड़ी, यौन उत्पीड़न, महिला सुरक्षा एवं अपने अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही किसी भी आपातकालीन स्थिति में सहायता प्राप्त करने के लिए विभिन्न टोल फ्री हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई।

इस अवसर पर वात्सल्य संस्था की टीम से ब्लॉक कोऑर्डिनेटर कमलेश , मंजूलता , शालिनी , रश्मि , शोभिका मिश्रा एवं ट्रेनर सीमा वर्मा उपस्थित रहीं।

गड़ियापुरवा में पुरानी होने के कारण क्षतिग्रस्त हुई अंबेडकर प्रतिमा, पुलिस की मौजूदगी में हुई मरम्मत

(जीएनएस)।

मसौली बाराबंकी। थाना क्षेत्र के ग्राम गड़ियापुरवा मजरे जलुहामऊ गांव में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा क्षतिग्रस्त होने की सूचना से मंगलवार को पुलिस महकमे में हलचल मच गई। सूचना मिलते ही मसौली पुलिस मौके पर पहुंच गई और घटनास्थल का जायजा लेते हुए पूरे मामले की जानकारी जुटाई। पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से पुलिस की निगरानी में प्रतिमा सही करा दी गई।

मौके पर मौजूद स्थानीय निवासी



नंदलाल यादव, प्रेमचंद, सतीश और प्रदीप ने बताया कि डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा काफी पुरानी हो चुकी थी। लम्बे समय से जर्जर होने के कारण प्रतिमा का एक हाथ टूट गया था। ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि प्रतिमा को किसी व्यक्ति ने जानबूझकर क्षतिग्रस्त नही किया है, बल्कि पुरानी और जर्जर होने के कारण उसका हिस्सा टूट गया था। ग्रामीणों के मुताबिक अब आपसी सहयोग से प्रतिमा का पुनर्निर्माण कराया गया।

सूचना पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक छोटेलाल ने बताया कि प्रतिमा काफी पुरानी थी जिसके चलते क्षतिग्रस्त होने की सूचना पर घटना स्थल का निरीक्षण किया और गांव के लोगों से जानकारी भी ली गई है। प्रतिमा को ग्रामीणों के सहयोग से सही करा दिया गया है।

डाकघर घोटाले का कथित मास्टरमाइंड गिरफ्तार, करोड़ों की ठगी का खुलासा; विभागीय कर्मचारियों की मिलीभगत की आशंका

(जीएनएस)।

कानपुर , घाटमपुर। कानपुर में डाकघर के नाम पर करोड़ों रुपये की कथित ठगी के मामले में घाटमपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने मामले के मुख्य आरोपी शैलेंद्र को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि आरोपी ने डाकघर में रुपये जमा कराने के नाम पर लोगों को विश्वास में लेकर उनसे करोड़ों रुपये की ठगी की।

मामले की जांच और पूछताछ में डाक विभाग के कुछ कर्मचारियों की कथित मिलीभगत की बात भी सामने आई है। बताया जा रहा है कि आरोपी शैलेंद्र वर्ष 1989 से 1999 तक अस्थायी डाक सेवक के रूप में कार्य कर चुका था। इसी अनुभव का इस्तेमाल कर उसने लोगों के बीच डाकघर से जुड़े कामकाज की जानकारी



और भरोसे का फायदा उठाया।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, बेटी की शादी के बाद कर्ज के बोझ के चलते आरोपी ने कथित तौर पर ठगी का जाल फैलाना शुरू किया। सूत्रों के मुताबिक, डाकघर के कुछ बाबुओं को 80 प्रतिशत तक कमीशन देने का आरोप भी सामने आया है। हालांकि, इस संबंध में विभागीय कर्मचारियों की भूमिका की जांच की जा रही है।

ठगी के शिकार लोगों ने घाटमपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायतों के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है।

अब जांच के घेरे में विभागीय कर्मचारी

इस पूरे मामले में सबसे बड़ा सवाल यह है कि यदि डाक विभाग के कर्मचारियों की मिलीभगत सामने आती है तो इसमें कौन-कौन लोग शामिल थे और ठगी की रकम किन-किन लोगों तक पहुंची। घाटमपुर पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है। जांच के बाद घोटाले से जुड़े अन्य नामों और रकम का खुलासा होने की संभावना है।

अखिलेश यादव ने चार लोगों के निधन पर जताया शोक, सड़क हादसे में घायल लोगों के बेहतर इलाज की मांग

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने अयोध्या विधानसभा क्षेत्र के मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड के जिला सचिव लाल साहब यादव के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। लाल साहब यादव की मौत सैफई से लौटते समय एक्सप्रेस-वे पर हुए भीषण सड़क हादसे में हो गई। अखिलेश यादव ने हादसे में घायल एडवोकेट रविन्द्र चौरसिया और सुरेन्द्र यादव के समुचित इलाज की सरकार से मांग की है।इसके अलावा अखिलेश यादव ने सीतापुर जिला कार्यालय प्रभारी एवं जिला सचिव जयसिंह यादव के पिता सुन्दर सिंह यादव (75) के निधन पर शोक जताया। उन्होंने मथुरा-वृंदावन महानगर निवासी समाजवादी युवजन सभा के अंकित वार्ष्णेय की भाभी और राहुल वार्ष्णेय की पत्नी तनु वार्ष्णेय (35) के आकस्मिक निधन पर भी दुख व्यक्त किया।इसी क्रम में सुल्तानपुर जिले के कादीपुर विधानसभा क्षेत्र के रोहियांवा, दोस्तपुर निवासी समाजवादी पार्टी के जोनल प्रभारी अमित यादव की दादी और सीताराम यादव की पत्नी पियारी देवी के निधन पर भी शोक संवेदना प्रकट की।अखिलेश यादव ने सभी दिवंगतों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोकाकुल परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं।

मोहनलालगंज में चोरी की वारदातों का खुलासा, 18 लाख के जेवरों के साथ तीन अंतरजनपदीय चोर गिरफ्तार

लखनऊ, मोहनलालगंज और पीजीआई क्षेत्र में घरों को निशाना बनाकर चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले तीन अंतरजनपदीय आरोपितों को दक्षिणी जोन की सर्विलांस सेल और मोहनलालगंज पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से करीब 18 लाख रुपये कीमत के सोने-चांदी के आभूषण, चोरी की एक मोटरसाइकिल और लोहे की रॉड बरामद की है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान बहराइच निवासी बाबू और आशिक अली तथा उन्नाव निवासी शीबू के रूप में हुई है।पुलिस के मुताबिक, मोहनलालगंज क्षेत्र में 16 और 18 अक्टूबर, 23 अक्टूबर, 7 नवंबर तथा 15 नवंबर को अलग-अलग स्थानों पर चोरी की घटनाएं हुई थीं। इन मामलों में मुकदमे दर्ज कर आरोपितों की तलाश की जा रही थी। घटनाओं के खुलासे के लिए दक्षिणी जोन की सर्विलांस सेल और स्थानीय थानों की सात पुलिस टीमों को लगाया गया था। टीमों ने घटनास्थलों और आसपास के करीब 140 से 145



सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिरों की मदद से आरोपितों की पहचान की। इसके बाद 17 नवंबर को तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया।पूछताछ में आरोपितों ने कथित तौर पर बताया कि वे दिन के समय गलियों और मोहल्लों में घूमकर बंद मकानों की रेकी करते थे। जिन घरों के मुख्य दरवाजे पर ताला लगा होता था और छत या आंगन में कपड़े सूखते दिखाई देते थे, उन्हें निशाना बनाने के लिए चिह्नित कर लेते थे। इसके बाद मौका देखकर ताला तोड़कर घर में प्रवेश करते और सोने-चांदी के आभूषण व अन्य कीमती सामान चोरी कर फरार हो जाते थे। वारदात के दौरान पहचान छिपाने के लिए चोरी की मोटरसाइकिल का इस्तेमाल करते थे। पुलिस के अनुसार, यह मोटरसाइकिल उन्होंने कुछ दिन पहले ठाकुरगंज क्षेत्र से चोरी की थी।आरोपितों ने पूछताछ में मोहनलालगंज और पीजीआई क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर दिन में चोरी की वारदातें करने की बात भी स्वीकार की है। चोरी के आभूषण आपस में बांटने के बाद अपने हिस्से के जेवर राह चलते लोगों और अन्य व्यक्तियों को कम कीमत पर बेच देते थे। इससे मिलने वाली रकम का इस्तेमाल निजी खर्चों में करते थे। आरोपितों ने गिरोह में कुछ अन्य लोगों के शामिल होने और उनके पास भी चोरी के आभूषण होने की जानकारी दी है।गिरफ्तार आरोपितों में बाबू और आशिक अली बहराइच के दरगाह शरीफ थाना क्षेत्र के नूरुद्दीन चक मोहल्ले के निवासी हैं, जबकि शीबू उन्नाव जिले के दही थाना क्षेत्र के शिवनगर का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार, बाबू और आशिक अली के विरुद्ध बहराइच, श्रावस्ती और लखनऊ समेत विभिन्न जिलों में चोरी, नकबजनी, शस्त्र अधिनियम और गैंगस्टर एक्ट के कई मुकदमे दर्ज हैं। शीबू के खिलाफ उन्नाव में भी आपराधिक मामला दर्ज है।पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से दो सोने की चेन, चार अंगूठियां, तीन मंगलसूत्र, कान के आभूषण, बालियां, मोती, लॉकेट और अन्य पीली धातु के जेवर बरामद किए हैं।

इसके अलावा चांदी की दस पायल, दस जोड़ी बिछिया, दो कड़े, सिक्का, अंगूठी और अन्य आभूषण भी मिले हैं। बरामद जेवरों की अनुमानित कीमत करीब 18 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस ने चोरी की सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल और एक लोहे की रॉड भी बरामद की है।पुलिस के मुताबिक, इस कार्रवाई से मोहनलालगंज और पीजीआई थानों में दर्ज चोरी के सात मामलों समेत ठाकुरगंज क्षेत्र के एक मामले का भी खुलासा हुआ है। गिरफ्तार आरोपितों के खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्रवाई पूरी कर उन्हें न्यायालय में

नौबस्ता चौराहे पर ट्रैफिक पुलिस की मौजूदगी में यातायात नियमों की अनदेखी, डग्गामार वाहनों का संचालन जारी!

(जीएनएस)।

कानपुर , शहर में यातायात व्यवस्था सुधारने और लोगों को नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए यातायात पुलिस लगातार अभियान चला रही है, लेकिन नौबस्ता चौराहे की तस्वीरें इन अभियानों की जमीनी हकीकत पर सवाल खड़े कर रही हैं।

आरोप है कि डायवर्जन लागू होने के बावजूद नौबस्ता चौराहे पर खुलेआम डग्गामार वाहनों का संचालन हो रहा है। इतना ही नहीं, प्राइवेट नंबर प्लेट लगी कारों में भी सवारियां भरकर उन्हें गंतव्य तक पहुंचाने का सिलसिला जारी है।

हैरानी की बात यह है कि चौराहे पर ट्रैफिक पुलिस की मौजूदगी के बावजूद कुछ वाहन चालक यातायात नियमों की अनदेखी करते नजर आ रहे हैं। ऐसे में यातायात व्यवस्था और नियमों के पालन को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं।

अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब चौराहे पर यातायात पुलिस तैनात है, तो नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर कार्रवाई क्यों नहीं हो रही है?



स्थानीय लोगों ने यातायात अधिकारियों से मामले का संज्ञान लेकर डग्गामार वाहनों और नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों के खिलाफ जांच कर उचित कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

कानपुर में नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को उम्रकैद, एक लाख रुपये का जुमार्ना

ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत पुलिस की प्रभावी पैरवी लाई रंग, ककवन थाना क्षेत्र के वर्ष 2020 के मामले में अदालत का बड़ा फैसला

(जीएनएस)।

कानपुर नगर। कमिश्नरेट कानपुर पुलिस की प्रभावी पैरवी और गुणवत्तापूर्ण विवेचना के चलते नाबालिग से दुष्कर्म के गंभीर मामले में न्यायालय ने बड़ा फैसला सुनाया है। थाना ककवन में दर्ज वर्ष 2020 के दुष्कर्म एवं पॉक्सो एक्ट के मुकदमे में दोषी अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। साथ ही न्यायालय ने उस पर एक लाख रुपये का अर्थदण्ड भी लगाया है।

पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के अंतर्गत पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट कानपुर नगर के निर्देशन तथा पुलिस उपायुक्त पश्चिम श्री एस.एम. कासिम आबिदी के निकट पर्यवेक्षण में मामले की विवेचना और न्यायालय में प्रभावी पैरवी की गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना ककवन में मु0अ0सं0-185/2020 के तहत धारा 376अइ/506 भादवि एवं 5झ/6 पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया था। अभियुक्त कुलदीप पुत्र रमेश चन्द्र निवासी कसिगवां, थाना ककवन, कानपुर नगर पर वादी की नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म करने का आरोप था।

मामले में साक्ष्यों और प्रभावी अभियोजन के आधार पर माननीय एडीजे-13, कानपुर देहात ने अभियुक्त को दोषसिद्ध कर आजीवन कारावास एवं एक लाख रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया। जुमार्ना अदा न करने की स्थिति में अभियुक्त को तीन माह का अतिरिक्त कारावास भी भुगतना होगा।

प्रभावी पैरवी करने वाली टीम की अहम भूमिका

इस मामले में प्रभावी पैरवी करने वाली टीम में एडीजीसी श्री राकेश कुमार मिश्रा, कोर्ट मोहर्रिर कांस्टेबल अजय कुमार तथा पैरोकार हेड कांस्टेबल 2225 विकास चन्द्र शामिल रहे।

ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत पुलिस की प्रभावी पैरवी से गंभीर अपराध के मामले में दोषी को कठोर सजा दिलाने में सफलता मिली है। न्यायालय के इस फैसले को नाबालिगों के विरुद्ध अपराधों के मामलों में न्यायिक कार्रवाई की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

मतदाता सूची में गड़बड़ी करने वाले अधिकारियों को जेल भिजवाएंगे : अखिलेश यादव

लखनऊ, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने को लेकर भाजपा पर साजिश करने का आरोप लगाया है। उन्होंने चेतावनी दी कि फार्म-6 में किसी भी तरह की गड़बड़ी के लिए जनता भाजपा नेताओं और भ्रष्ट अधिकारियों को जवाबदेह बनाएगी। ऐसे अधिकारियों का अगला पड़ाव कारागार होगा।अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में अपनी हार सामने देखकर भाजपा और उसके सहयोगी विशेष खुफिया मुहिम एएसडीडी (अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत या दोहरे नाम) के जरिए फर्जी मतदाताओं के नाम जुड़वाने की साजिश कर रहे हैं। समाजवादी पार्टी इस पूरी प्रक्रिया पर बूथ स्तर से लेकर निर्वाचन आयोग तक नजर रखेगी। इसके लिए बूथ प्रभारी, पीडीए प्रहरी, घोषित और संभावित प्रत्याशी, प्रदेश, जिला एवं विधानसभा स्तर के पदाधिकारी, विभिन्न वाहिनियों के सदस्य, पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक सक्रिय रहेंगे।उन्होंने कहा कि हर बूथ पर नए जुड़ने वाले मतदाताओं के नामों की गहन जांच की जाएगी। पार्टी ने ऐसी व्यवस्था की है कि प्रत्येक सजग नागरिक अपने आसपास नए मतदाताओं के नाम जुड़ने पर नजर रखे। एक-एक वोट का हिसाब मांगा जाएगा और किसी भी तरह की गड़बड़ी के सबूत मिलने पर तत्काल शिकायत दर्ज कराई जाएगी। दोषी अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने के साथ उन्हें सेवा से बर्खास्त कराने, पेंशन और अन्य देयकों पर रोक लगवाने तथा कानूनी सजा दिलाने की कार्रवाई की जाएगी।अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा अधिकारियों पर दबाव बनाकर गैरकानूनी तरीके से मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की कोशिश कर रही है। पार्टी इस तरह की हर गतिविधि के सबूत जुटाएगी और लोकतांत्रिक प्रक्रिया से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराकर उन्हें सजा दिलाने का प्रयास करेगी।उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि मुकदमा चलने और सजा होने पर कोई भाजपाई उन्हें बचाने नहीं आएगा। भाजपा किसी की सगी नहीं है। उन्होंने कहा कि जो अधिकारी गलत तरीके से संपत्ति अर्जित कर सात पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का सपना देख रहे हैं, उनकी जमीन-जायदाद पर भी जनता की नजर है। जांच में अवैध संपत्ति सामने आने पर कानून के तहत उसे जब्त कराया जाएगा।अखिलेश यादव ने कहा कि जनता की स्पष्ट चेतावनी है कि न कोई बेईमान बचेगा और न किसी बेईमान को छोड़ा जाएगा।